हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 16 मई 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 सीएम यादव पहुंचे अस्पताल, हादसे पर...



07 हदबंदी और खसरा बनवाने के लिए 'साहब की डिमांड...



## सरकार का समर्थन पाने, मई महीने की झुलसाती गर्मी और 44 डिग्री पारे में परेशान किसान, जिम्मेदार बने अनजान

# इंतजार करें आप क्यू में हैं: पहले स्लॉट के लिए कतार, फिर तुलाई की मार, अब कैश की हाहाकार

### किसानों बोले: सरकार ने पंजीयन तो 1 लाख से अधिक का किया, लेकिन पोर्टल बंद कर अब उन्हें अपनी ही उपज बेचने से रोका जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने निकला किसान तारीख पर तारीख और कतार पर कतार के चक्रव्यूह में फंस गया है। हालात यह हैं कि पोर्टल पर कृपया इंतजार करें, आप क्यू में हैं, का मैसेज देखते-देखते किसानों का धैर्य जवाब दे रहा है। जिले में करीब 10 हजार से अधिक किसान ऐसे हैं, जिनके पास उपज तो है लेकिन स्लॉट बुकिंग बंद होने से वे मंडियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

बता दें जिले में कुल 92 हजार 334 किसानों ने स्लॉट बुक किए थे, जिनमें से अब तक लगभग 76 हजार 683 किसानों से ही खरीदी हो पाई है। स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया बंद होने से शेष बचे हजारों किसान अधर में लटके हैं।

किसानों का कहना है कि सरकार ने पंजीयन तो 1 लाख से अधिक का किया, लेकिन पोर्टल बंद कर अब उन्हें अपनी ही उपज बेचने से रोका जा रहा है।

**केंद्रों पर 'जाम' और बारदानों का 'अकाल' :** समर्थन मूल्य केंद्रों पर तुलाई की रफ्तार कछुआ गति से चल रही है। खेरी-इछावर रोड स्थित मंगलम वेयरहाउस जैसे केंद्रों के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी हैं, जिससे सडक़ पर जाम की स्थिति बन रही है। किसानों को अपनी बारी के लिए चिलचिलाती धूप में दो-दो दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। ऊपर से केंद्रों पर बारदानों की कमी ने इस संकट को और गहरा कर दिया है।





### बिक गई उपज, तो बैंक में नहीं है पैसा

मुसीबत यहीं खत्म नहीं होती। जिन किसानों की उपज तुल गई है, उन्हें अब अपनी मेहनत की कमाई निकालने के लिए सहकारी बैंकों के बाहर डेरा डालना पड़ रहा है। बैंकों में कैश का भयंकर संकट है। जहां रोजाना 1 करोड़ की जरूरत है, वहां बैंक को बमुश्किल 20-30 लाख मिल रहे हैं। आलम यह है कि किसानों को 50 हजार रुपये से ज्यादा का भुगतान नहीं किया जा रहाए जिससे उनकी अगली फसल की तैयारी और घरेलू काम प्रभावित हो रहे हैं।

### किसानों की मांग

परेशान किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि स्लॉट बुकिंग फिर से खोली जाए, तुलाई केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए और बैंकों में पर्याप्त कैश की व्यवस्था की जाए ताकि बारिश से पहले उनकी उपज सुरक्षित बिक सके और उन्हें पैसा मिल सके।

### जिले में खरीदी के आंकड़े

कुल पंजीयन: 1,02,484 किसान
स्लॉट बुकिंग: 92,334 किसान
अब तक खरीदी: 76,683 किसान
कुल गेहूं खरीदी: 5.81 लाख मीट्रिक टन
सक्रिय केंद्र: 240

### सियासी शोर के बीच परेशानी

जिला मुख्यालय, बुधनी और भैरूंदा सहित पूरे जिले में किसान संगठनों और कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी है। हालांकि केंद्र में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से कई वादे किए हैं, लेकिन धरातल पर नागरिक आपूर्ति निगम की व्यवस्थाएं पूरी तरह फेल नजर आ रही हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 22 को होगी

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव के निर्देशानुसार 22 मई को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग, जिला पंजीयक एवं सहकारी संस्थायें, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

### आरएसआई ने कालापीपल को 81 रन से हराया



**सीहोर।** शहर के भोपाल नाका स्थित आरएसआई सीहोर क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह आरएसआई और कालापीपल के मध्य मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में आरएसआई ने कालापीपल को 81 रन से हराया। इस दौरान कोच अक्षय दुबाने, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा और अजय चंदेल आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कोच अक्षय दुबाने ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरएसआई सीहोर क्रिकेट अकादमी ने 37 ओवर में दस विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। इसमें कुणाल ने 34 रन, पलाश परमार ने 20 रन, रोहित चौहान ने 15 रन, कृष्णा-लोकेन्द्र ने 14-14 रन की पारी खेली। वहीं कालापीपल की ओर से गेंदबाजी करते हुए विनय-अनमोल ने तीन-ती विकेट, देवांश ने दो विकेट और वेदांत ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कालापीपल की टीम 108 रन पर सिमट गई। इसमें देवांश ने 24 रन, प्रियांशु ने 13 रन बनाए थे। इधर आरएसआई की ओर से गेंदबाजी करते हुए इशान ने तीन विकेट, पलाश, प्रिंस, लोकेन्द्र, दिव्यम, समर्थ ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## अभ्रदत-मारपीट से मौत, थाने के बाहर शव रखकर प्रदर्शन: इछावर में जमीन को लेकर झगड़े का मामला, मोटर चालू करने पहुंचा था व्यक्ति

**इछावर।** इछावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कालापीपल जागीर में पुरानी जमीनी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद में गंभीर रूप से घायल हुए कैलाश नामक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत से आक्रोशित परिजनों ने आज (गुरुवार) को इछावर थाने के सामने मुख्य सडक़ पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार यह विवाद 26 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे शुरू हुआ था। पीडित नेपाल वर्मा पिता स्वरूप सिंह वर्मा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक उनके बड़े भाई अनूप वर्मा जब खेत पर मोटर चालू करने गए थे, तभी गांव के ही मनोज वर्मा और अनार सिंह वर्मा ने उन्हें घेर लिया। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे।

**बीच-बचाव करने आए परिजनों पर भी हमला :** जब अनूप ने जान बचाने के लिए शोर



मचाया तो नेपाल और परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर आए। बीच-बचाव की कोशिश के दौरान आरोपी पक्ष के मनोज, दुर्गाप्रसाद, सीता बाई और अनार सिंह ने कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में कैलाश सहित परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की मदद से घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान कैलाश ने दम तोड़ दिया।

### परिजनों का आक्रोश और पुलिस की कार्रवाई

कैलाश की मौत की खबर मिलते ही गांव में तनाव फैल गया। आज सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने इछावर थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि इस हत्याकांड में शामिल सभी नामजद आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इछावर थाना प्रभारी ने विरोध जता रहे परिजन को समझाइश दी और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए ग्राम कालापीपल जागीर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन गांव में मातम और तनाव का माहौल बना हुआ है।

## सलकनपुर में हृदय विदारक घटना: दंडवत यात्रा पर निकले बुजुर्ग बाबा को तेंदुए ने बनाया शिकार, क्षेत्र में फैली दहशत

**सीहोर।** सुप्रसिद्ध मां विजयासन देवी धाम सलकनपुर में आज गुरुवार सुबह एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। मंदिर के रास्ते में दण्डवत यात्रा कर दर्शन करने जा रहे एक बुजुर्ग बाबा को जंगली जानवर बाघ, तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक और डर का माहौल है।

जानकारी के अनुसार एक बुजुर्ग बाबा जो मां विजयासन के परम भक्त थे, प्रतिदिन सुबह 4 बजे दण्डवत करते हुए माता के दरबार में हाजिरी लगाने जाते थे। आज सुबह भी वे अपनी श्रद्धा के अनुसार मंदिर की ओर बढ़ रहे थे, तभी नागिन जोड़ के पास घात लगाकर बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया।

**सुबह मिला क्षत विक्षत शव :** सुबह जब अन्य लोगों का वहां से गुजरना हुआ, तब नागिन जोड़ के पास बाबा का शव बरामद हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जंगली जानवर ने बाबा के शरीर को बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया था। घटना की सूचना मिलते ही मंदिर समिति और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

**व्यापारियों की चेतावनी को किया गया नजरअंदाज :** स्थानीय दुकानदारों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश और दुख है। व्यापारियों का कहना है कि वे



पिछले एक महीने से सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लगातार जंगली जानवरों की आहट की सूचना दे रहे थे। दुकानदारों ने बताया कि पानी की तलाश में तेंदुए अक्सर शाम के समय मुख्य मार्ग और पानी चपदम के पास देखे जा रहे हैं।

**प्रशासन और व्यापारियों की अपील :** घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने एक-दूसरे से और श्रद्धालुओं से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। व्यापारियों ने निवेदन किया है कि रात के समय कोई भी दुकानदार या श्रद्धालु अकेला न निकले। शाम होते ही अपनी दुकानों को मंगल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच जाएं। जब तक वन विभाग जानवर को पकड़ नहीं लेता, तब तक सुनसान रास्तों पर जाने से बचें।

**वन विभाग को दी गई सूचना :** क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग से पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की गई है ताकि भविष्य में ऐसी किसी जनहानि को रोका जा सके।

वन परिक्षेत्र अधिकारी, रेहटी श्रेयांश उपाध्याय ने बताया कि सलकनपुर में एक श्रद्धालु पर किसी जानवर द्वारा हमला किया गया है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है, इसलिए किस जानवर द्वारा हमला किया गया है ये स्थिति साफ नहीं हुई है। पहाड़ी क्षेत्र पर तेंदुए का भी मूवमेंट है, इसलिए ये संभावनाएं भी हैं कि तेंदुए ने हमला किया हो। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। उसके बाद मुआवजे की प्रक्रिया भी करेंगे। मंदिर समिति से चर्चा के बाद फेंसिंग का प्रस्ताव भी बनाएंगे।

## गोपेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति का अनूठा संगम: पं. मिश्रा

**सीहोर।** शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गत दिनों पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अलावा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यहां पर भव्य रूप से छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में भगवान गोपेश्वर महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया गया है। गुरुवार को यहां पर कालोनीवासियों ने गोपेश्वर माहदेव का विशेष श्रृंगार किया। इस मौके पर दर्शन के लिए पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि कालोनी में नव निर्मित भव्य मंदिर भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति का अनूठा संगम है।

इस मौके पर उन्होंने यहां पर मौजूद विठलेश सेवा, कुबेरेश्वरधाम और संस्कार मंच की महिला मंडल का स्वागत करते हुए कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि परिवारों में महिला को घर की आध्यात्मिक शक्ति, लक्ष्मी और धर्म की रक्षक माना जाता है। पारंपरिक हिंदू परिवारों की अगर सबसे बड़ी खासियत देखी जाए तो वो है घर में महिलाओं की मौजूदगी और उनका गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव, हमारे समाज में स्त्रियों को हमेशा से ही देवी स्वरूप माना गया है। कहते हैं जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता स्वयं वास करते हैं। इसी सोच के चलते भारतीय घरों में महिलाओं की भूमिका केवल खाना बनाने या घर संभालने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वे पूरे घर की आध्यात्मिक ऊर्जा की धुरी होती हैं।

सुबह के समय तुलसी में जल डालना हो, रसोई में पहली रोटी गाय के लिए निकालना हो या घर के दरवाजे पर रंगोली बनाकर नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखना हो, यह सब काम महिलाएं बड़े प्रेम और श्रद्धा से करती हैं। इससे ना सिर्फ घर में सकारात्मक वातावरण बना रहता है, बल्कि बच्चों को भी शुरू से अच्छे संस्कार मिलते हैं। सच कहें तो महिलाएं ही अपने घरों में धर्म और परंपराओं को जीवित रखती हैं।

### प्रतिदिन नियमित रूप से किया जाएगा शिव चालीसा का पाठ

संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि शिव चालीसा का नियमित पाठ करना अत्यंत फलदायी है, जो 30 दिन लगातार करने से मनोकामनाएं पूरी करता है। यह मानसिक शांति, भय से मुक्ति, और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सबसे आसान उपाय है। इसके अलावा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञ शाला में हनुमान चालीसा का पाठ सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## शासन के आदेशों का हो रहा उल्लंघन, प्रभारी के भरोसे शिक्षा विभाग

# शिक्षा विभाग में 'कुर्सी का खेल', 3 साल से नियमों को ठेंगा दिखा रहे प्रभारी डीपीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला शिक्षा विभाग में इन दिनों 'अंधेर नगरी चौपट राजा' जैसे हालात बने हुए हैं। एक ओर सरकार शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर में नियमों को ताक पर रखकर पद का मोह नहीं छूट रहा है। जिले में जिला परियोजना समन्वयक का महत्वपूर्ण पद पिछले 3 वर्षों से प्रभारी के भरोसे चल रहा है, जो शासन के स्पष्ट आदेशों का खुला उल्लंघन है।

बता दें राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने करीब 8 साल पहले एक स्पष्ट आदेश (क्रमांक 5957) जारी किया था। इस आदेश में कड़े निर्देश थे कि यदि किसी जिले में डीपीसी का पद रिक्त होता है तो उसका प्रभार अनिवार्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी को ही दिया जाएगा। शासन ने उन जिलों पर नाराजगी भी जताई थी जहां जूनियर अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बावजूद इसके सीहोर में वर्तमान में आरआर उइके जो कि मूलतः एक प्राचार्य हैं, पिछले 3 साल से इस पद पर काबिज हैं।

### शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे

नियमों के विरुद्ध चल रही इस व्यवस्था का सीधा असर जिले की शिक्षा प्रणाली पर पड़ रहा है। सूत्रों की मानें तो मुख्यालय से लेकर ब्लॉक और ग्रामीण स्तर के स्कूलों में अफरा तफरी मची है। विभागीय कर्मचारियों का आरोप है कि डीपीसी पद पर प्राचार्य की नियुक्ति का फायदा उठाकर दफ्तर के बाबू और अन्य कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। इससे शिक्षा का अधिकार जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन भी प्रभावित हो रहा है।

### मेरिट लिस्ट और आदेश भी सीहोर में बेअसर

हैरानी की बात यह है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने इसी महीने 06 मई 2026 को एक नया आदेश (क्रमांक 933/503235) जारी किया है। इसके तहत प्रदेश के मंडला, डिण्डौरी, बैतूल और रतलाम जैसे कई जिलों में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की मेरिट लिस्ट के आधार पर नए डीपीसी की नियुक्तियां कर दी गई हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने इसके लिए सितंबर 2025 में परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें 36 उम्मीदवारों की मेरिट लिस्ट भी जारी हुई थी, लेकिन सीहोर में बदलाव की कोई सुगबुगाहट नजर नहीं आ रही है।




जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर संजय तोमर ने बताया कि यह शासन स्तर का मामला है, इसमें मैं कुछ नहीं कह सकता।

## जोरदार नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट गेट के सामने बैठकर किया प्रदर्शन

**सीहोर।** ढाबला गांव के किसान का अपहरण मामला जिले में सुर्खियों में बना हुआ है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर सैकड़ो किसानों और मेवाड़ा समाजजनों ने समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में बिलकिसगंज थाना पुलिस के द्वारा अपहरण के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किए जाने को लेकर कड़ा आक्रोश प्रकट किया।

कलेक्ट्रेट पहुंच कर गुरुवार को अनेक किसानों और मेवाड़ा समाज जनों और पीड़ित के परिवार जनों ने जोरदार नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट गेट के सामने बैठकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर्ताओं ने प्रशासन से अपहरण के शिकार हुए प्रेम सिंह मेवाडा को न्याय दिए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में सीधे कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में जबरदस्त हंगामा किया। ज्ञापन लेने पहुंचे नायब



तहसीलदार को किसानों और मेवाड़ा समाज जनों ने वापस लौटा दिया। जोरदार नारेबाजी करते हुए लोग कलेक्ट्रेट गेट के सामने धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। इस दौरान कोतवाली टीआई रविंद्र यादव और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। हंगामा को समाप्त करते हुए डिप्टी कलेक्टर जमील खान ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारी किसानों मेवाड़ा समाज जनों से ज्ञापन लिया।

ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन से अपहण कांड को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने और डरा धमकाकर जमीन की जबरदस्ती की गई लिखापडी को निरस्त करने सहित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने व दोषियो को सजा दिलाने की मांग की गई। कलेक्ट्रेट के बाद एसपी कार्यालय में भी कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

## खबर संक्षेप

### कालूखेड़ी ब्रिज हादसे में युवक की मौत, अज्ञात वाहन की तलाश जारी

**देवास**। गुरुवार देर रात कालूखेड़ी ब्रिज के नीचे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक की पहचान रामचंद्र मालवीय पिता रोशनलाल मालवीय, निवासी महाकाल कॉलोनी के रूप में हुई है। घायल युवक को डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेजा गया और सुबह परिजनों को सौंप दिया गया।घटना के बाद मौके का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मौजूद लोग एंबुलेंस सेवा में देरी को लेकर नाराजगी जताते दिखाई दे रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद करीब एक घंटे तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची, जिससे समय पर उपचार नहीं मिल सका। इस बात को लेकर लोगों ने नाराजगी व्यक्त की और व्यवस्था पर सवाल उठाए।

### कर्मचारियों को आयुक्त ने किया सम्मानित

**देवास**। जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा करने वाले 6 शासकीय कर्मचारियों को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शुक्रवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निगम बैठक हाल में आयोजित सम्मान समारोह में विनोद पाठक, प्रियंका शर्मा, अंजु सोलंकी, रमाशंकर सोनी, अंकित सिसोदिया और यास्मीन शेख को लक्ष्य से पूर्व कार्य पूर्ण करने पर बधाई देकर सम्मानित किया।

टोंककला पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के बाद दो मजदूर लापता, कई की हालत गंभीर

# सीएम यादव पहुंचे अस्पताल, हादसे पर जांच के बाद सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने आरोपी अनिल मालवीय और आजास खान के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



टोंककला के पास स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण ब्लास्ट के बाद अब दो मजदूरों के लापता होने की खबर सामने आई है। हादसे में घायल मजदूरों ने बताया कि उनके साथी राजू और बाबुल विस्फोट के बाद से लापता हैं और अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है। दोनों को आखिरी बार फैक्ट्री के फिलिंग रूम में देखा गया था। घायल मजदूर शशि कुमार ने बताया कि ब्लास्ट से पहले वह राजू और बाबुल के साथ खाना खा रहा था।

धमाके के बाद दोनों अचानक गायब हो गए। परिजनों और अलग-अलग अस्पतालों में जानकारी लेने के बावजूद दोनों का कोई पता नहीं चल पाया है। साथ काम करने वाले मजदूरों को आशंका है कि कहीं दोनों भी हादसे का शिकार न हो गए हों। मजदूरों ने प्रशासन से घटना स्थल पर दोबारा तलाश अभियान चलाने की मांग की है। बताया जा रहा है कि राजू और बाबुल बिहार के अरहरिया जिले के रहने वाले थे और कुछ महीने पहले ही मजदूरी के लिए देवास आए थे। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 5 मजदूरों की मौत हो चुकी है। गुरुवार देर रात मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए।

#### मुख्यमंत्री पहुंचे अस्पताल

सीएम मोहन यादव ने हादसे का त्वरित संज्ञान लेते हुए अमलतास अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों और संभावित अवैध संचालन की जांच के आदेश भी दिए हैं। इस दौरान सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोद सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

#### जांच के लिए विशेष दल गठित

कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित किया है। टीम में विद्युत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। जांच दल फैक्ट्री में सुरक्षा व्यवस्था, विस्फोट के कारणों और नियमों के पालन की विस्तृत जांच करेगा।

#### दो आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई



कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने आरोपी अनिल मालवीय और आजास खान के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। दोनों आरोपियों को तीन माह तक के लिए निरुद्ध कर केंद्रीय जेल भेरूगढ़ उज्जैन भेजने के आदेश जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

# किसान के साथ ठगी, नकली कीटनाशक फैक्ट्री पर छापा

### पुट्टी से तैयार करते थे नकली माल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर के नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मीबाई मार्ग पर कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नकली कीटनाशक निर्माण का बड़ा मामला उजागर हुआ है। उपसंचालक कृषि गोपेश पाठक को मिली सूचना के बाद टीम ने एक मकान पर छापा मारकर भारी मात्रा में नकली पैकिंग सामग्री और तैयार माल जब्त किया।जांच के दौरान मौके पर दो महिलाएं पैकिंग करते हुए मिलीं। आरोप है कि किसानों को ठगने के लिए नामी कंपनियों की हूबहू पैकिंग तैयार कर उसमें कीटनाशक दवा की जगह पुट्टी भरी जा रही थी। इससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान और कीट-रोग फैलने का खतरा पैदा हो सकता था।कार्रवाई के दौरान डुप्लीकेट पैकिंग सामग्री बरामद की गई। सूचना मिलने पर मुंबई से कंपनी के सीनियर इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर सुनील पांडे भी देवास पहुंचे और अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पैकिंग पूरी तरह असली जैसी दिखाई दे रही थी, हालांकि बारकोड स्कैन नहीं हो रहा था।विभाग के अनुसार आरोपियों के खिलाफ कीटनाशक अधिनियम और कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। नाहर दरवाजा थाने में केस दर्ज कराया जा रहा है। जब्त नकली माल की कीमत करीब 70 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस और कृषि विभाग अब इस पूरे नेटवर्क की जांच कर मुख्य आरोपियों तक पहुंचने में जुटे हैं।

### शिक्षित समाज पूरे देश की प्रगति का आधार



**देवास**। शिक्षित समाज पूरे देश की प्रगति का आधार होता है इसलिए परिवार के सभी सदस्यों को शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। यह विचार शासकीय माध्यमिक विद्यालय महाकाल कॉलोनी आनंदम केंद्र में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर सभी सदस्यों ने प्रकट किए। प्रधानाध्यापक महेश सोनी ने बताया कि राज्य आनंद संस्थान द्वारा पूरे प्रदेश में यह दिवस उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में जिला समन्वयक डॉ समीरा नईम के निर्देशन में विद्यालय में भी परिवार दिवस मनाया गया। सभी सदस्यों ने परिवार की भूमिका पर अपने विचार रखें और यह निष्कर्ष निकला कि परिवार हम सब की प्रगति और आनंददायक जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी सदस्यों के परिवार के लिए ज्ञानवर्धक पुस्तक वितरित की गई।इस अवसर पर पक्षियों के लिए सकोरे भी वितरित किए गए। उपस्थित माताओं ने अपने परिवार के प्रेरक प्रसंग सुनाए।सभी सदस्यों को शीतल लस्सी वितरित की गई।

# टोंक कला ब्लास्ट के बाद घायल मजदूर बिहार रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जिले के ग्राम टोंक कला स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण ब्लास्ट के बाद जिला अस्पताल में भर्ती घायल मजदूर शुक्रवार दोपहर 2 बजे की ट्रेन से बिहार के लिए रवाना हो गए। जानकारी अनुसार कुल 11 कर्मचारी अपने गृह राज्य लौट गए। प्रशासन की ओर से सभी मजदूरों को भोजन की व्यवस्था के साथ प्रत्येक को 10 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई तथा बिहार तक का रेल किराया भी उपलब्ध कराया गया। मजदूरों को ट्रेन में रवाना करने के दौरान तहसीलदार सपना शर्मा सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।रवाना होने से पहले कर्मचारियों ने बताया कि फैक्ट्री विस्फोट में उनके कई साथियों की मौत हो चुकी है। मजदूरों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से फैक्ट्री संचालक फरार है और उनके रहने-खाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। उनका कहना है कि पिछले दो-तीन महीनों से वेतन भी नहीं मिला था, जिससे वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान थे।मजदूरों ने बताया कि लगातार बढ़ती परेशानियों के चलते उन्होंने अपने गृह राज्य बिहार लौटने का फैसला लिया। प्रशासन ने उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई।

### गर्मी से राहत देने निगम ने लगाए पानी के मिस्ट स्प्रे

**देवास**। भीषण गर्मी से बचाव के लिए राहगीरों तथा यात्रियों की सुविधा के लिए मुख्य बस स्टेण्ड पर पानी का मिस्ट स्प्रे निगम द्वारा लगाया गया है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों एवं यात्रियों को गर्मी से राहत मिल रही है। उल्लेखसनिय है कि गत दिनों प्रमुख चौराहों के सिगनल पाईंट पर रूकने वाले राहगीरों को गर्मी से राहत के लिए ग्रीन नेट लगाई गई। इसी कडी मे निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में मुख्य बस स्टेण्ड की दोनों साईड पर एवं निगम कार्यालय प्रांगण प्रवेश द्वार पर भी पानी का मिस्ट स्प्रे लगाया गया है जिससे आने एवं जाने वाले राहगीरों को गर्मी से राहत मिलेगी।

# जनगणना 2027: जिले में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य तेजी से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार निरंतर प्रगति पर है। 01 मई 2026 से प्रारंभ हुआ मकान सूचीकरण कार्य 30 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी देवास मनीष खत्री ने बताया कि जिले में जनगणना कार्य के लिए 2725 मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। जिसमें तहसील और नगर परिषदों में 2272 तथा नगर निगम देवास में 453 मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाये गये है। इनमें प्रगणकों द्वारा व्यवस्थित रूप से जानकारी एकत्रित की जा रही है।

अबतक जिले में 03 लाख 60 हजार 75 मकानों की गणना पूर्ण की जा चुकी है। मकान सूचीकरण कार्य में तहसील और नगर परिषदों में 958 मकान सूचीकरण ब्लॉक का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो गया है तथा नगर निगम देवास में 52 मकान सूचीकरण ब्लॉक का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो गया है। इस बार जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है। प्रगणकों द्वारा मोबाइल एप्लिकेशन से जानकारी दर्ज की जा रही है तथा कार्य की निगरानी भी डिजिटल प्रणाली से की जा रही है। इससे कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहयोग प्रदान करें। जनगणना से प्राप्त आँकड़े शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं।

#### नागरिकों से क्या पूछा जाएगा?

मकान सूचीकरण के दौरान प्रगणक नागरिकों से कुछ सामान्य और बुनियादी जानकारियां प्राप्त करेंगे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं:भवन की स्थिति और परिवार के सदस्यों की संख्या,परिवार के मुखिया का नाम, बुनियादी सुविधाएं जैसे नल कनेक्शन, बिजली, शौचालय/बाथरूम और गैस कनेक्शन, घरेलू संपत्ति जैसे रेडियो/टीवी, केबल कनेक्शन, साइकिल/मोटर साइकिल/कार, परिवार द्वारा उपयोग किया जाने वाला मुख्य अन्न, इंटरनेट, मोबाइल आदि।

#### क्या साझा न करें?

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य के दौरान प्रगणक नागरिकों से किसी भी प्रकार के संवेदनशील दस्तावेज या निजी वित्तीय जानकारी की मांग नहीं करेंगे। नागरिक ध्यान रखें कि प्रगणकों द्वारा आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर या बैंक विवरण नहीं पूछा जाएगा। किसी भी प्रकार का ओटीपी साझा करने की आवश्यकता नहीं है। प्रगणक के घर पहुंचने पर नागरिक अपनी संतुष्टि के लिए उनका आधिकारिक पहचान पत्र अवश्य चेक करें।

# ग्राम बधावा में भगवान राम-सीता परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न, भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिजवाड़



ग्राम बधावा में पिछले पांच दिनों से चल रहे भगवान श्रीराम-सीता परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन गुरुवार देर शाम नवीन मंदिर में विधिविधान एवं धार्मिक उल्लास के साथ हुआ। गाजे-बाजे, पूजा-अर्चना और भंडारे के साथ समारोह आनंदपूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर आयोजित श्रीराम यज्ञ में नौ जोड़े शामिल हुए। सभी दंपत्तियों ने यज्ञ में आहुति देकर ग्रामवासियों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

आयोजित हुए कार्यक्रम के बाद आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रधान आचार्य पंडित ओमप्रकाश उपाध्याय, पंडित मनोज दीक्षित, पंडित सुदामा प्रसाद पंचोली एवं पंडित मोहन चोबे के सान्निध्य में विधिविधान से संपन्न हुआ। समिति द्वारा सभी आचार्यों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर निर्माण में लगभग 21 लाख रुपए की लागत आई है।

मंदिर निर्माण के लिए पूरा धन ग्रामवासियों के सहयोग से एकत्र किया गया। जिला पंचायत सदस्य रमण कलम ने मंदिर परिसर को और भव्य बनाने के लिए अपनी निधि से 2 लाख रुपए देने की घोषणा की है। इस राशि से मंदिर परिसर में चौपाल निर्माण कराया जाएगा, जिससे मंदिर की सुंदरता और बढ़ेगी।प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर की भव्यता और आकर्षक सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी तेज, आयुक्त ने वार्ड 21-22 का किया औचक निरीक्षण

# नालियों, उद्यानों और बैकलेनों की सफाई व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर में तैयारियों को तेज कर दिया है। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार लगातार विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने वार्ड क्रमांक 21 एवं 22 का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, नालियों, उद्यानों और बैकलेनों की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन नालों पर जालियां नहीं लगी हैं वहां तत्काल नई जालियां लगाई जाएं तथा टूटी-फूटी जालियों की मरम्मत जल्द कराई जाए। उन्होंने वार्ड में स्थित उद्यान का भी निरीक्षण किया और वहां साफ-सफाई तथा हरियाली व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।आयुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से अधिकांश बैकलेनों में सफाई कर फर्शीकरण एवं सीसी कार्य कराया जा रहा है। साथ ही दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी और स्वच्छता संदेश लिखवाए जा रहे हैं ताकि लोग गंदगी न फैलाएं और शहर की सुंदरता बनी रहे। उद्यानों के आसपास की दीवारों पर भी पेंटिंग और स्वच्छता स्लोगन तैयार किए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्रों में स्थित खुले प्लॉटों की सफाई में स्थानीय रहवासियों का भी अच्छा सहयोग मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बैकलेनों में कराई गई रंगाई-पुताई और स्वच्छता संदेशों का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया।आयुक्त ने अन्य वार्डों में छोटी बैकलेनों की नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, उद्यानों में कम्पोस्ट पीट का उपयोग बढ़ाने और स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले शेष सिविल कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।इसके अलावा उन्होंने कचरा संग्रहण वाहनों की डेंटिंग-पेंटिंग और उनमें लगी चार बिन व्यवस्था की जानकारी भी ली। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में डस्टबीन उपयोग और शौचालय-मूत्रालयों की साफ-सफाई की नियमित जांच की जाए। वहीं स्ट्रीट वेंडरों, चाट चौपाटियों, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर डस्टबीन उपयोग की निगरानी भी स्वच्छता निरीक्षकों के माध्यम से लगातार की जाए।

# स्वास्थ्य शिविर में एचआईवी एड्स से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

संस्था एडवांस इनफॉर्मेशन मैनेजमेंट सोसायटी द्वारा 15 मई को अनिराज कंपनी में जागरूकता कार्यक्रम एवं हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार एवं जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बैक और जिला नोडल अधिकारी डॉ. अमरीन शेख के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सैय्यद तस्कीन अली द्वारा की गई। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को एचआईवी/एड्स से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कैसे फैलता है तथा इससे कैसे बचा जा सकता है। साथ ही एसटीआई, टीबी, हेपेटाइटिस B एवं C के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में अवगत कराया गया तथा एचआईवी/एड्स एक्ट-2017 की जानकारी भी साझा की गई। हेल्थ कैंप में उपस्थित सभी कर्मचारियों का डॉ. सतीश सर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं काउंसलर मुकेश राठौर द्वारा सभी की काउंसलिंग की गई तथा एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी एवं सी की निःशुल्क जांच कर उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही आईसीटीसी केंद्र के माध्यम से जिला चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया गया।

## खबर संक्षेप

### पाली-पीरघाट मार्ग 18 से एक माह तक बंद

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश सीमा पर बनाए जा रहे अंतरराज्यीय भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य को गति देते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पाली-पीरघाट मार्ग को आगामी 18 मई 2026 से एक माह के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय प्रवेश द्वार के क्रॉस बीम निर्माण कार्य को सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के उद्देश्य से लिया गया है। निर्माण खंड पीडब्ल्यूडी ललितपुर द्वारा पाली-पीरघाट मार्ग के किलोमीटर 28 पर, पीरघाट स्थित मध्य प्रदेश सीमा पर अंतरराज्यीय प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। अब निर्माण कार्य के महत्वपूर्ण चरण के तहत क्रॉस बीम डालने का कार्य शुरू किया जाएगा, जिसके चलते मार्ग पर यातायात प्रभावित रहेगा। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार ने जिला प्रशासन को पत्र भेजकर निर्माण अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके तहत निर्माण स्थल पर दिन-रात पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना, अव्यवस्था या जाम की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी पाली एवं थाना प्रभारी बालाबेहट को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हल्के वाहनों के आवागमन के लिए निर्माण स्थल के दाईं ओर अस्थायी डायवर्जन मार्ग तैयार किया गया है। वहीं भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा।

### अग्रवाल इंटरनेशनल का शानदार प्रदर्शन

**विदिशा।** सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 2026 में अग्रवाल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र विनय दांगी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विनय ने अपने मुख्य विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। वहीं राधिका डांगी ने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया।

### लागौन के ग्रामीणों ने लेखपाल पर लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

# हदबंदी और खसरा बनवाने के लिए 'साहब की डिमांड बिना नहीं काम'



### ग्रामीण बोले, गांव में बढ़ रहे भूमि विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जखौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लागौन के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जिलाधिकारी को सामूहिक शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने लेखपाल पर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली तथा गांव में जानबूझकर भूमि विवाद उत्पन्न कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही जनहित में तत्काल ट्रांसफर कर किसी ईमानदार अधिकारी की तैनाती की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, गांव में तैनात लेखपाल को यहां आए अभी करीब एक माह से अधिक समय हुआ है, लेकिन इस दौरान गांव में भूमि संबंधी विवाद तेजी से बढ़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल बिना सक्षम अधिकारियों के निर्देश के पुरानी जमीनों की दोबारा नाप-जोख कराकर विवाद की स्थिति पैदा कर रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि लेखपाल एक सामान्य खसरा तैयार कराने के नाम पर किसानों से 500 रुपये तक की मांग करता है, जबकि खेतों की हदबंदी और नापजोख के नाम पर 20 हजार से 30 हजार रुपये तक वसूले जाने की बात कही गई है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर लेखपाल कथित रूप से कहता है कि उसके रिटायरमेंट में दो साल शेष हैं और वह इस अवधि में अधिक से अधिक कमाई करना चाहता है। ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल के इस रवैये से गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है और किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्राम लागौन निवासी तुलाराम, अशोक, राजपाल सिंह, मीना, सुभाष, गंगाप्रसाद, हरीराम, भरोसी सहित अन्य ग्रामीणों ने 15 मई 2026 को सामूहिक हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर लेखपाल के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा तत्काल प्रभाव से उनका स्थानांतरण किया जाए। अब जिप क्या कार्रवाई करेगा इस पर नजर टिकी हुई है।


### सार्वजनिक सीसी रोड पर अवैध निर्माण का आरोप

**तालबेहट।** तहसील एवं थाना क्षेत्र तालबेहट के ग्राम हर्षपुर में सार्वजनिक सीसी रोड पर कथित अवैध निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। गांव निवासी सोहनलाल श्रीवास ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय एवं सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के सार्वजनिक रास्ते पर अवैध निर्माण कर आवागमन बाधित किया गया है और विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता व धमकी दी गई। पीड़ित सोहनलाल श्रीवास पुत्र गज्जूराम ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि वह वर्षों से अपने पैतृक मकान में निवास कर रहे हैं। उनके घर के सामने लगभग 8 फीट चौड़ा संपर्क मार्ग है, जिससे ग्रामीणों के साथ कृषि कार्य में उपयोग होने वाले वाहन गुजरते हैं। यही मार्ग गांव के तालाब तक जाने का मुख्य रास्ता भी बताया गया है। शिकायत के अनुसार अप्रैल 2026 में गांव के ही देवेन्द्र, दिनेश, पूनम और सरला देवी उर्फ रानी द्वारा मकान निर्माण के दौरान सड़क की ओर छज्जा निकालने का प्रयास किया गया था। इस मामले में 18 अप्रैल को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद राजस्व विभाग की जांच में 25 अप्रैल को पक्षों के बीच सहमति बनी थी कि सड़क पर किसी प्रकार का चबूतरा, सीढ़ी या छज्जा नहीं बनाया जाएगा। आरोप है कि समझौते के बावजूद 14 मई की रात विपक्षियों ने कथित रूप से सार्वजनिक सड़क पर चबूतरा और सीढ़ी का निर्माण कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया।

### मानवता और सेवा का प्रेरक संदेश

## 60वीं बार रक्तसखा बने डॉ. विकास गुप्ता जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय गेटेम्बे फाउंडेशन के संस्थापक डा.विकास गुप्ता जीत ने 60वीं बार रक्तदान कर मानवता के प्रति अपने समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस सेवा कार्य की शहरभर में सराहना की जा रही है।

डा.जीत पिछले करीब 12 वर्षों से अपनी संस्था और टीम के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, बेटी सम्मान, सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कई सामाजिक अभियानों को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी संस्था देश के विभिन्न राज्यों में सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रही है। रक्तदान के बाद डा.विकास गुप्ता जीत ने कहा कि यह कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता के प्रति उनका एक छोटा सा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शब्द से अधिक रक्तसखा शब्द अपनाया जाना चाहिए, क्योंकि जीवन ईश्वर का दिया हुआ अनमोल उपहार है और हम किसी को जीवन नहीं देते, बल्कि सहयोग के माध्यम से किसी का जीवन बचाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्त देकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। गेटेम्बे फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर रक्तसखा सहयोग, डाक्टर कनेक्शन अभियान, शिक्षा सहायता, बेटी सम्मान अभियान और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम संचालित किए जाते रहे हैं। संस्था का उद्देश्य समाज में सेवा, संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को मजबूत करना है।

### नपाध्यक्ष ने वार्डों का औचक निरीक्षण में दिए निर्देश

## सफाई व्यवस्था को मिली रफ्तार, 14 नए वाहनों को दिखाई गई हरीझंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद ने शुक्रवार को बड़ा कदम उठाया। नगर पालिका द्वारा 14 नए वाहनों को नगर सेवा के लिए रवाना किया गया, जिनमें 2 ट्रैक्टर, 11 डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन और 1 फॉगिंग टैक्सी वाहन शामिल हैं।

वाहनों को शहर के चन्द्रशेखर उद्यान पार्क (कम्पनी बाग) के सामने पूजा-अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य सिर्फ सफाई कराना नहीं, बल्कि शहर के हर वार्ड और गली तक बेहतर सफाई व्यवस्था पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि नए वाहनों के शामिल होने से उन क्षेत्रों में भी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सुविधा पहुंचेगी, जहां पहले वाहन नहीं पहुंच पाते थे। इससे खुले में कचरा फेंकने की समस्या पर भी नियंत्रण लगेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव सहित पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक कार्यक्रम में मौजूद रहे। वाहनों को रवाना करने के बाद अध्यक्ष ने वार्ड संख्या 15 गांधी नगर प्रथम, वार्ड संख्या 4 गांधी नगर द्वितीय तथा चंडी मंदिर के पीछे स्थित श्मशान घाट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था में कमियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई।

## 28 को होगी जिला सैनिक बंधु बैठक, भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का होगा निस्तारण

**ललितपुर।** जनपद के भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की वीरांगनाओं (विधवाओं) एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए 28 मई 2026 को जिला सैनिक बंधु बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपराह्न 12.30 बजे से शुरू होगी। कर्नल आशीष अहलूवालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मामलों पर सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो भी भूतपूर्व सैनिक, वीरांगना अथवा आश्रित अपनी समस्याओं का समाधान चाहते हैं, वे अपनी समस्या से संबंधित प्रार्थना पत्र दो प्रतियों में तैयार कर आवश्यक दस्तावेजों एवं पहचान पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए 22 मई 2026 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, ललितपुर में स्वयं उपस्थित होकर जमा करें। उन्होंने कहा कि समय सीमा के भीतर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि बैठक में समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## नाबालिग से छेड़खानी पर पॉक्सो कोर्ट के पुलिस को एफआईआर करने के निर्देश

### विशेष न्यायाधीश ने रिपोर्ट खारिज की, विवेचना से मिलेंग साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना जखौरा क्षेत्र में नाबालिग बालिका से कथित छेड़ख़ानी और विरोध करने पर परिवार को धमकाने के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए थाना जखौरा पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) नवनीत कुमार भारती ने विविध वाद संख्या 138/2026 में सुनाया। अदालत में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार अधिवक्ता सुदेश नायक ने बताया कि बीती 25 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे थाना जखौरा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति अपनी नाबालिग पुत्री के साथ खेत से बकरियां लेकर घर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही सन्नी और गोटीराम ने शराब के नशे में नाबालिग बालिका के साथ अश्लील हरकतें करते हुए पकड़ लिया और छेड़ख़ानी की। विरोध करने पर आरोपियों ने मां-बेटी को गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर लोग जुटने लगे तो आरोपी मौके से भाग गए। पीड़ित पक्ष ने अदालत को बताया कि घटना की शिकायत थाना जखौरा और बाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी की गई, लेकिन पुलिस ने गंभीर धाराओं में कार्रवाई करने के बजाय आरोपियों के खिलाफ केवल निरोधात्मक कार्रवाई कर मामला शांत करने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपियों और उनके परिजनों द्वारा लगातार धमकियां देने का आरोप भी लगाया गया। सुनवाई के दौरान थाना जखौरा पुलिस ने अदालत में अपनी रिपोर्ट पेश कर मामले को पड़ोसियों के बीच पुराने विवाद और होम थिएटर पर तेज आवाज में संगीत बजाने से उपजा विवाद बताया तथा छेड़ख़ानी की पुष्टि न होने की बात कही। न्यायालय ने पत्रावली, एसपी को भेजे गए प्रार्थना पत्र और डाक रसीद समेत उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद माना कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध परिलक्षित होता है। न्यायाधीश नवनीत कुमार भारती ने कहा कि मामले में साक्ष्य जुटाने के लिए विधिवत पुलिस विवेचना आवश्यक है।

## मुलायम सिंह की पुण्यतिथि पर सपा महिला सभा प्रदेश सचिव गीता ने लिया देहदान का संकल्प

### पूर्व मुख्यमंत्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भेजा प्रशंसा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश सचिव गीता मिश्रा ने पार्टी संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव नेताजी की प्रथम पुण्यतिथि पर देहदान का संकल्प लेकर एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके इस निर्णय की जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक सराहना हो रही है। ललितपुर के गांधी नगर निवासी गीता मिश्रा ने नेताजी की स्मृति को समर्पित करते हुए यह संकल्प लिया। उनका कहना है कि यदि मृत्यु के बाद भी उनका शरीर किसी के ज्ञान, शोध या मानव सेवा के काम आ सके, तो इससे बड़ी श्रद्धांजलि और कुछ नहीं हो सकती। उनके इस मानवीय निर्णय पर समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें विशेष प्रशंसा पत्र भेजकर आभार व्यक्त किया। अपने संदेश में अखिलेश यादव ने लिखा कि नेताजी की पुण्यतिथि पर देहदान का संकल्प लेकर गीता मिश्रा ने समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।

### कम मानदेय, संसाधनों की कमी और मानसिक उत्पीड़न का लगाया आरोप

## पंचायत सहायकों ने खोला मोर्चा, डीपीआरओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के बैनर तले जिले के पंचायत सहायकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपकर नाराजगी जताई। पंचायत सहायकों ने आरोप लगाया कि उनसे ग्राम पंचायत के नियमित कार्यों के अलावा लगातार कई अतिरिक्त विभागीय कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि इसके अनुरूप न तो मानदेय दिया जा रहा है और न ही कार्यस्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बताया कि वर्तमान में पंचायत सहायकों से ग्राम पंचायत के नियमित कार्यों के अतिरिक्त स्व-गणना, फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री, विभिन्न विभागीय सर्वेक्षण, पोर्टलों पर डाटा फीडिंग तथा निर्वाचन संबंधी कार्य भी कराए जा रहे हैं। लगातार बढ़ते कार्यभार के कारण पंचायत के मूल कार्य प्रभावित हो रहे हैं और कर्मचारियों पर मानसिक एवं प्रशासनिक दबाव भी बढ़ रहा है। पंचायत सहायकों ने प्रशासन के समक्ष अपनी 6 सूत्रीय मांगें रखीं। उन्होंने मांग की कि पंचायत सहायकों से केवल ग्राम पंचायत एवं पंचायती राज विभाग से संबंधित कार्य ही कराए जाएं। यदि अतिरिक्त विभागीय कार्य लिए जाते हैं तो उसके लिए अलग से मानदेय या भत्ता निर्धारित किया जाए। साथ ही वर्तमान महंगाई को देखते हुए मानदेय का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कर्मचारियों ने सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों में कंप्यूटर, प्रिंटर, हाई-स्पीड इंटरनेट, निर्बाध बिजली, शुद्ध पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। इसके अलावा ऑनलाइन कार्यों को सुचारू रूप से करने के लिए उच्च गुणवत्ता के स्मार्टफोन उपलब्ध कराने तथा विभागीय स्तर पर सम्मानजनक व्यवहार और स्पष्ट कार्य-निर्देश सुनिश्चित करने की मांग की गई।

## एएलएस एंबुलेंस ने गंभीर मरीज समय पर पहुंचाया झांसी, परिजनों ने जताया आभार

### रेफर को मेड केयर 365 टीम ने मेडिकल कॉलेज भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




जिला अस्पताल में संचालित एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस सेवा ने एक बार फिर गंभीर मरीज को समय पर उच्च चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर मानवता और सेवा का उदाहरण पेश किया।

सीने में तेज दर्द और हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मरीज लालचंद (50 वर्ष) को बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया था। इसके बाद जिला अस्पताल में संचालित मेड केयर 365 की एएलएस एम्बुलेंस ने बिना देरी किए मरीज को सुरक्षित रूप से मेडिकल कॉलेज झांसी पहुंचाया। रास्ते में एंबुलेंस में मौजूद ईएमटी शिवम ने मरीज की लगातार निगरानी की और अस्पताल पहुंचने पर भर्ती प्रक्रिया भी पूरी कराई। इस दौरान पायलट सुरेंद्र सिंह भी साथ मौजूद रहे। बताया गया कि जिला अस्पताल में संचालित एएलएस एंबुलेंस सेवा गंभीर रूप से घायल या गंभीर मरीजों को चिकित्सकों के रेफरल पर निशुल्क उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। जरूरत पडऩे पर उत्तर प्रदेश के अन्य हायर सेंटरों तक भी मरीजों को भर्ती कराने में सहायता प्रदान की जाती है। मरीज के परिजनों ने समय पर मिली एंबुलेंस सेवा और चिकित्सा टीम की तत्परता की सराहना करते हुए मेड केयर 365 का आभार व्यक्त किया।

### 100 दिवसीय अभियान में समुदाय से सहयोग करने की अपील

# टीबी मरीजों को बांटी गई पोषण पोटली

### *जिला क्षयरोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी बोले, टीबी पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी, लक्षण दिखने पर तुरंत कराएं जांच*

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र में क्षयरोग (टीबी) मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान जिला क्षयरोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने मरीजों की काउंसिलिंग करते हुए कहा कि पोषण पोटली वितरण का उद्देश्य टीबी मरीजों के पोषण स्तर में सुधार करना और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि टीबी पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है, बशर्ते मरीज नियमित रूप से बिना नागा दवा लें और संतुलित खान-पान का पालन करें। उन्होंने आमजन, अधिकारियों और समाजसेवी संगठनों से आगे आकर निःक्षय मित्र बनने की अपील करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण और उपचार में सहयोग करना समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 24 मार्च 2026 से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उच्च जोखिम वाले लोगों की स्क्रीनिंग और जांच कर रही हैं।

इसमें बुजुर्ग, कुपोषित व्यक्ति, टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोग, डायबिटीज और एचआईवी से ग्रसित मरीजों सहित धूम्रपान और शराब सेवन करने वाले लोग शामिल हैं। डा.सोनी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, लगातार बुखार, वजन कम होना, सीने में दर्द, रात में पसीना आना, अत्यधिक थकान, बलगम में खून आना या शरीर में गांठ जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सरकारी अस्पताल में जांच करानी चाहिए।

### जीरो डोज बच्चों की पहचान को लेकर स्वास्थ्य विभाग का प्रशिक्षण

**ललितपुर।** जिले में टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें नियमित टीकाकरण के दायरे में लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य जीरो डोज बच्चों की पहचान कर डेटा आधारित रणनीतियों के माध्यम से जनपद में टीकाकरण कवरेज को शत-प्रतिशत तक पहुंचाना है। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य टीकाकरण से संबंधित आंकड़ों में सुधार कर आने वाले महीनों में अधिक से अधिक बच्चों को जीवनरक्षक टीकों से जोडऩा है। प्रतिरक्षण अधिकारी डा.शिव प्रकाश ने कहा कि जीरो डोज से वंचित बच्चे न केवल स्वयं गंभीर बीमारियों के खतरे में रहते हैं, बल्कि संक्रमण फैलने का माध्यम भी बन सकते हैं। वहीं डा. सौरभ सक्सेना ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों को ऐसे बच्चों की पहचान, डेटा गुणवत्ता में सुधार और विश्लेषण आधारित कार्रवाई की जानकारी दी गई। डा.संजय सिंह ने बताया कि आर एण्ड टी इंडिया फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत बनाने के लिए डेटा एनालिटिक्स प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है। वहीं शिवेंद्र सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से टीकाकरण एजेंडा-2030 और जीरो डोज कार्यान्वयन योजना की जानकारी दी।

## एक निरीक्षण ऐसा भी: तहसीलदार 2 किमी दूर देखते रहे वेयरहाउस

# प्रशासन नतमस्तक, माफिया मस्त! पार्वती में चली माफिया की पोकलेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/सुठालिया

क्षेत्र की जीवन दायिनी कहलाने वाली पार्वती नदी पर इन दिनों अवैध रेत माफियाओं द्वारा नदी की छाती को छलनी की जा रही है। जिनके आगे प्रषासन नतमस्तक बना हुआ है, ओर माफिया मस्त होकर सरकार के करोड़ो का चुना प्रषासनिक अधिकारियों के संरक्षण में मस्त होकर लगा रहे। दो दिन पहले जब हरिभूमि ने कानरखेड़ी,सेमलापार, लसूलडिया घाटा,अवैध उत्खनन के काले कारोबार का भंडाफोड़ किया था, तब सुठालिया तहसीलदार और ब्यावरा एसडीएम ने बड़ी तत्परता दिखाई थी। आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही विशेष टीम बनाकर माफियाओं पर शिकंजा कसा जाएगा। लेकिन धरातल पर जो नजारा दिखा, वह प्रशासन के दावों की पोल खोलने के लिए काफी है।

### साहब वेयरहाउस पर कर रहे थे निरीक्षण, 2 किमी दूर गरज रही थीं मशीनें

हैरानी की बात यह है कि बीते कल सुठालिया तहसीलदार बगवाज वेयरहाउस




पर निरीक्षण कर रहे थे, जबकि वहां से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कानरखेड़ी और सेमलापर में पोकलेन मशीनें बेखौफ होकर नदी का सीना छलनी कर रही थीं। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन को इन मशीनों की गड़गड़ाहट सुनाई नहीं दी, या जानबूझकर कान बंद कर लिए गए।

### अब रात का डर खत्म, 24 घंटे चल रहा अवैध खेल

माफियाओं के हौसले अब इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें कानून का जरा भी खौफ नहीं रहा। जो उत्खनन पहले चोरी-छिपे रात के अंधेरे में होता था, वह अब कानरखेड़ी,सेमलापार, लसूलडिया में पार्वती नदी के बीचों-बीच दिन के उजाले में भी


सुठालिया में महज 18 से 25 किलोमीटर की दूरी पर नहीं थम रहा है रेत का कारोबार, प्रशासन ने साधी चुप्पी
सुठालिया तहसील बना अवैध रेत माफिया का गढ़, पार्वती नदी में अवैध रेत उत्खनन की आई 'बाढ़'

बेरोकटोक जारी है। 24 घंटे पोकलेन मशीनें चल रही हैं और रेत का अवैध परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है।

### सूत्रों का दावा, अधिकारियों के साथ साठगांठ का खेल

क्षेत्र में चर्चा आम है और सूत्र भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं कि यह धड़ल्ले वाला काम बिना ऊपरी संरक्षण के मुमकिन नहीं है। जिस तरह से अधिकारी पास में होकर भी अवैध साइट्स की तरफ नहीं मुड़ रहे, उससे विभागीय साठगांठ की बू आना लाजिमी है।

### इनका कहना है -

मैं बगवाज वेयरहाउस पर निरीक्षण करने आया था अभी एक और प्वाइंट पर जाना है। मैं अकेले क्या करूंगा पुलिस बल के साथ आना पड़ेगा। वैसे मैं अभी पुलिस को सूचना करता हू वो पहुंच जाएंगे मौके पर।

-रामनिवास धाकड़, तहसीलदार सुठालिया

### जनता के सवाल

- जब हरिभूमि पिछले 15 दिनों से लगातार खबर प्रकाशित कर रहा हैं, तो अब तक टीम गठित क्यों नहीं हुई?
- बगवाज वेयरहाउस के पास ही चल रहे अवैध उत्खनन को अनदेखा करने के पीछे क्या मजबूरी है?
- क्या पार्वती नदी के अस्तित्व को खत्म करने वाले इन माफियाओं पर कोई बड़ा हाथ है?

### निष्कर्ष

प्रशासन का सुस्त रवैया और माफियाओं की बढ़ती धमक यह बताने के लिए काफी है कि यहां कानून का राज नहीं, बल्कि साठगांठ का साम्राज्य चल रहा है। यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि प्रशासन केवल कागजों पर कार्रवाई की खानापूर्ति कर रहा है।जब बगवाज वेयरहाउस पर निरीक्षण कर रहे तहसीलदार से अवैध खनन की बात की तो वह टालम टोल करने लग गए। ऐसे में साफ स्पष्ट होता है कि अधिकारियों की मिली भगत से ही यह सब कुछ संभव हो रहा है।

## किसानों ने समय पर तुलाई नहीं होने की थी शिकायत

# बगवाज मां शक्ति वेयरहाउस पर तहसीलदार का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सुठालिया

तहसील अंतर्गत आने वाले मां शक्ति वेयरहाउस बगवाज पर पिछले कई दिनों से अव्यवस्थाओं के चलते किसान बेहद परेशान थे। गेहूं तुलाई में हो रही देरी और स्लॉट बुकिंग की तारीख निकल जाने के कारण किसानों की चिंता बढ़ती जा रही थी, जिसके बाद गुरुवार को तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। जहा पर मौका स्थिति देख किसानों को आ रही परेषानियों के बारे में जानकारी लेकर संस्था प्रबंधक को व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देष दिए।



### ट्रैक्टरों की लगी थी लंबी कतारें, किसान बेहाल

वेयरहाउस पर तुलाई की धीमी गति के कारण किसानों के ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लग गई थीं। कई किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि भी निकल चुकी थी, जिससे उन्हें अपनी फसल की बिक्री को लेकर डर सता रहा था। बार-बार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार धाकड़ ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने किसानों से संवाद किया और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी किसान को परेशान होने या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। कल से वेयरहाउस पर तीन अतिरिक्त कांटे (तुलाई पॉइंट) बढ़ा दिए गए ताकि काम में तेजी आए तारीख निकलने की चिंता न करें जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग की तारीख निकल गई है, उन्हें भी चिन्हित किया जाएगा। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि कोई भी किसान बिना तुलाई के वापस नहीं जाएगा, बशर्ते वे थोड़ा धैर्य बनाए रखें।

### किसानों से संयम की अपील

तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने किसानों को समझाइश देते हुए कहा, प्रशासन किसानों के साथ है। तकनीकी कारणों या भीड़ की वजह से जो देरी हुई है, उसे अतिरिक्त संसाधन बढ़ाकर दूर किया जा रहा है। आप सभी का गेहूं समय पर तोला जाएगा, बस आप थोड़ा सहयोग और सब्र रखें।

## मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का खिलचीपुर में शुभारंभ, किसानों को किया प्ररित

**ब्यावरा।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत श्रीराम समृद्ध महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा अजिविका भवन ब्यावरा कला रोड खिलचीपुर में मृदा परीक्षण मशीन लगाकर प्रयोगषाला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जहा किसानों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से मिट्टी की जांच कर सही उर्वरक एवं पोषक तत्वों की जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मशीन के माध्यम से विभिन्न मिट्टी के नमूनों का परीक्षण कर उसकी उपयोगिता का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में जोनल मैनेजर शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया, मां जलपा एफपीसी के सीईओ बनेसिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने किसानों के



हित में इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मृदा परीक्षण के माध्यम से किसान अपनी भूमि की गुणवत्ता के अनुसार फसल एवं उर्वरक प्रबंधन कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकेंगे। अतिथियों एवं एफपीसी सदस्यों द्वारा किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने एवं नियमित रूप से मिट्टी परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## ट्रक ने चलती बाइक से गिरी महिला को कुचला, मौत

**जीरापुर।** नगर से माचलपुर की जाने वाले सड़क पर धतुरिया गांव के समीप चिलावद जोड़ के पास एक महिला चलती बाइक से असंतुलित होकर नीचे गिर गई। इतने में सामने से आ रहा ट्रक की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी अनुसार मृतक महिला दुर्गाबाई 45 वर्ष सोयत थाना क्षेत्र के डोंगरगांव की रहने वाली थीं, जो अपने पति शंकर लाल बगारी के साथ अपने बेटे के रिश्ते के लिए पीलवास में लड़की देखकर डोंगरगांव जा रहे थे। बाइक पर मृतक महिला का पति और बेटा भी था जो इस हादसे में सुरक्षित बचें।महिला धतूरिया गांव चिलावद जोड़ के पास बाइक से अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गई और उसी समय सामने से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक महिला को रौंदता हुआ निकल गया और महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई!हादसे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया और कानूनी कार्रवाई की जा रही।

## एडवांस्ड किड्स एकेडमी के सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा अव्वल

### विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर(सं.)

एडवांस्ड किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणामें में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं के वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों का बेहतरीन परिणाम सफलता का नया इतिहास बना।विधार्थियों की उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा , अनुशासित वातावरण , शिक्षकों का शैक्षणिक कार्य उत्कृष्ट रहा।इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थी तरुण पाटीदार ने वाणिज्य संकाय में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विज्ञान


TARUN PATIDAR


UDDESH LOVEVANSHI


ATHARV NAGAR


KHUSHBOO JAIN

संकाय में उद्देश लववंशी ने 88.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इसके अतिरिक्त अथर्व नागर 87.4 प्रतिशत, खुशबू जैन 85.6 प्रतिशत, कार्तिक गुप्ता 84.6 प्रतिशत, कन्हैयालाल दांगी 82.2 प्रतिशत, अक्षत बजाज 81 प्रतिशत, प्रवीण पाटीदार 80.8 प्रतिशत तथा श्रद्धा बरैठा 80.4 प्रतिशत ने भी श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की लगातार शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में अव्वल स्थान प्राप्त होने पर संस्था संचालक गिरीराज गुप्ता, प्राचार्य ई. के. जोशी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दीं।

## खेत में पेड़ से लटका मिला किसान का शव, पुलिस जांच में जुटी

**सारंगपुर।** लीमाचैहान थाना क्षेत्र के ग्राम धामंदा में बुधवार शाम को एक व्यक्ति का शव खेत में पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सिद्धूलाल पिता मांगीलाल 58 वर्ष निवासी धामंदा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होने पर लीमाचैहान पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा गया। जहां चिकित्सकों द्वारा पीएम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक खेत की ओर गया था, जिसके बाद उसका शव पेड़ से लटका मिला। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। वहीं घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल बना हुआ है।

## मंडी परिसर में 1.45 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

### राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने दिए गुणवत्ता के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

स्थानीयकृषि उपज मंडी परिसर में लगभग 1 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का गुरुवार को राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने भूमिपूजन किया। इनमें ट्रॉली शेड, डामरीकरण, पानी की टंकी, सीसी रोड एवं विद्युतीकरण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने मंडी परिसर में व्यापारियों और किसानों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की। विशेष बात यह रही कि मंत्री कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक टू.व्हीलर से पहुंचे। उन्होंने इसे ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मंडी सेकंडरी राजेश खरे सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, व्यापारी एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शत प्रतिशत जनगणना कार्य पूर्ण करने पर सुपरवाइजर प्रगणकों को किया सम्मानित

### 20 प्रगणक एवं पांच सुपरवाइजर को पुष्पहार पहनाए



**जीरापुर।** नगरीय निकाय अंतर्गत जनगणना कार्य 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य को 15 मई से पूर्व शत प्रतिशत करने वाले सुपरवाइजर और प्रगणकों को सम्मानित किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने कहा कि सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए काम को समय से पहले करके सराहनीय कार्य किया है। जिला जनगणना प्रभारी दिलीप कुमार साहू , शीतल कोसरवाल द्वारा फील्ड ट्रेनर प्रणव खुजनेरी , रईस मंसूरी की उपस्थिति में नगर परिषद सभागार में सम्मानित किया गया। सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को नजरी नक्शा बनाने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई एवं शेष ब्लॉक में भी शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा 15 मई से पूर्व मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश क्रम में शहरी क्षेत्र जीरापुर के 29 ब्लॉक में से 20 ब्लॉक में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर 20 प्रगणक एवं पांच सुपरवाइजर को पुष्पहार पहनाकर , प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किये गए।

## प्रशासनिक अधिकारियों की आपसी साठ-गांठ से रात में चल रही बोरवेल मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ा

भीषण गर्मी में जल संकट को देखते हुए जिले में कलेक्टर द्वारा भले ही बोरवेल मषीनों पर प्रतिबंध लगा दिया हो, लेकिन मषीनों के एजेंट स्थानीय अधिकारियों की आपसी साठ-गांठ कर रात के अंधेरे में बोर लगाने में लगे हुए है। जल स्तर दिनों दिन नीचे चला जा रहा है, जिसके चलते नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में हेंडपंप और ट्यूबवेल दम तोड चुके है। ऐसे में लोगों को



पीने के पानी के लिए परेषानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। गुरूवार को एक ऐसा ही मामला बोडा नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में देखने में आया है कि जहा पर सरकार के सभी नियमों को ठेंगा दिखाते हुए बेखोफ तरीके बोरवेल खनन किया जा गया। क्षेत्र वासियों ने बताया कि यह सब साठगाठ से चल रहा। बोरवेल पर अभी तक कोई प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जा रही। जिले में कलेक्टर के आदेश अनुसार बोरवेल खनन पर रोक लगाई गई है, उस आदेश की कहीं पर भी कोई कार्रवाई न होते हुए नजर आ रही। बोडा नगर में प्रतिदिन नगर की सड़कों पर और आसपास बोरिंग बोरवेल खनन होता हुआ नजर आ रहा है।

## अस्पताल की बदहाली के खिलाफ किंयर कांग्रेस ने शंखनाद, जनसमस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बोड़ा।** शासकीय अस्पताल की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस' के नेतृत्व में विरोध प्रदर्षन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। यह प्रदर्षन कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रतसिंह के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें मांगे रखी गई कि अस्पताल में दवाईयों की उपलब्धता हो, मरीजों को बाहर से दवा न लेनी पड़े, एम्बुलेंस सेवा और डॉक्टरों की कमी दूर हो, अस्पताल परिसर में गंदगी का साम्राज्य खत्म होना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक धूलसिंह यादव, संगठन महासचिव राधेश्याम सोमतीया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंदसिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष 'लखन रूहेला, नगर अध्यक्ष अशोक यादव, राजेश रातलिया, गुलाबसिंह यादव, प्रदीप जैन, श्याम बंसल, हीरालाल यादव, पार्षद तेजसिंह यादव सहित सभी वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शांतिकुंज हरिद्वार की गतिविधियों के बारे में दी जानकारी

# गायत्री शक्तिपीठ पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर (सं.)

परमपूज्य गुरुदेव की जन्म शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत आवास कालोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें उप जोन प्रभारी मोहन सिंह सिसोदिया द्वारा संगोष्ठी का आयोजन कर परम पूज्य गुरुदेव वंदना एवं माताजी के आशीर्वचनों से अवगत कराया तथा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी।

गोष्ठी में जिला समन्वयक डॉक्टर ओ.पी पवांर ने बताया कि गायत्री परिवार का संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, गायत्री परिवार परम पूज्य गुरुदेव के बताए मार्ग पर व्यक्ति को धर्म की ओर जोड़ना है, वरिष्ठ पूर्व जोन प्रभारी एनपी शर्मा, युवा



प्रकोष्ठ जिला समन्वयक किशोर जानोरिया , परिवाजक रामनिवास मीणा द्वारा देव पूजन के साथ गोष्ठी प्रारंभ कि गई। गोष्ठी में गायत्री परिवार के व्यवस्थापक सूरजमल भावसार , ट्रस्टी गण तहसील समन्वयक डॉ आरबी गुप्ता , बापू लाल दांगी , दिनेश जमींदार , बलराम टांक ,महिला मण्डल ट्रस्टी ज्योत्सना दांगी , उर्मिला गुप्ता , सुमित्रा गुप्ता , देवबाला खुजनेरी निरंजन कुशवाह , विष्णु पवांर , मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी , विजय कौशिक महिला मंडल की बहने उपस्थिति रही और विभिन्न शाखों से हमारे परिजन रमेश चंद शर्मा माचलपुर , पिपलिया कुलमी , भण्ड़ावद पूरी युवा प्रकोष्ठ की टीम युवा प्रकोष्ठ मोहन सोनगिरा , रामगढ़ शक्तिपीठ राधे श्याम दांगी , कैलाश वर्मा , घनश्याम भिलाला आदि अनेक परिजनों द्वारा गोष्ठी में भाग लेते हुए गुरुदेव के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलना नियमित साधना करना सामूहिक साधना करना आदि संकल्प लिया जाकर जल संरक्षण जल संवर्धन शिक्षा स्वास्थ्य हरित अमृत अभियान के अंतर्गत पौधारोपण आदि के बारे में संकल्प लिया गया।

इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी से जोन प्रभारी समन्वय समिति सदस्यों ने भेंटकर विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया तथा मोहनलाल राठौर ने रामगढ़ एवं माचलपुर में शक्तिपीठ बनाने हेतु निवेदन किया जिस पर विधायक ने कहा कि जो आवश्यक है वह सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## मंत्री टेटवाल बस से सफर कर पचोर पहुंच मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**सारंगपुर।** राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और ईंधन बचत का संदेश देते हुए सारंगपुर से पचोर तक बस से यात्रा की। उन्होंने हाल ही में पेट्रोल पंप हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मंत्री ने हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उन्होंने पचोर नगर में नागरिकों से जनसंपर्क कर विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की। इसके बाद डॉ. टेटवाल पुनः बस से सारंगपुर लौटे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन अपनाकर ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है।